भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद् विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
( ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in )

फा.सं. 12-6/तिमाही बैठक/राजभाषा/2020-21 दिनांक : 05/06/2021.

## परिपत्र

निदेशक, भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल की अध्यक्षता में दिनांक 30 मार्च, 2021 को संपन्न हो चुकी हिंदी की तिमाही बैठक के दौरान संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के द्वारा लिए गए निर्णय कि परिषद् द्वारा अपेक्षित संस्थान के न्यूजलेटर को द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) ऑडियो रूप में करवाकर संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड करवाया जाये। इसके लिए संस्थान के वैज्ञानिक/स्टाफ की सेवाएं ली जाएँ।

उपरोक्त निर्णय के अनुपालन में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों/स्टाफ को समसंख्यक परिपत्र दिनांक 16.4.2021 के माध्यम से यह अवगत कराया गया था कि ऐसे इच्छुक वैज्ञानिक/कर्मचारी जिनकी आवाज़ की गुणवत्ता उत्तम है, वे अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देने के लिए राजभाषा एकक को दिनांक 20.04.2021 तक अवगत कराएं। किन्तु अभी तक सीमित आवेदन ही प्राप्त हुए हैं।

अतः संस्थान व इसके क्षेत्रीय केन्द्रों के सभी वैज्ञानिकों/स्टाफ से एक बार पुनः निवेदन है कि यदि वे इच्छुक हैं तो इस विषय में अपनी सेवा प्रदान करने के लिए राजभाषा एकक को ईमेल आईडी hindicell.ndri@icar.gov.in पर अपनी इच्छा से अवगत कराएं। इस संबंध में विस्तृत ब्यौरा राजभाषा एकक के दूरभाष 1457 पर अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त किया जा सकता है।

धीरज शर्मा 5/6/21

(धीरज शर्मा)
उप निदेशक(राजभाषा)
प्रभारी, राजभाषा एकक

प्रतिलिपि :
सभी प्रभाग/अनुभाग, राडेअनुसं, करनाल/अध्यक्ष क्षेत्रीय केन्द्र, बेंगलूरू एवं कल्याणी।
प्रभारी, कंप्यूटर केन्द्र को एनडीआरआई ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग हेतु।